सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 21 जनवरी, 2024

रविवार को राजभवन में मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में इन राज्यों के उत्तराखंड में रह रहे बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित बच्चों को पूरे प्रदेश की ओर से स्थापना दिवस की बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा कि पूर्वोत्तर के यह राज्य बेहद रमणीक और नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्वोत्तर के इन राज्यों में लंबे समय तक सेवा करने का अवसर मिला है और यहां से उनका गहरा लगाव रहा है। इन राज्यों की कला, संस्कृति और लोक नृत्य आदि से भली–भांति परिचित है जो पूरे देश में एक अलग स्थान रखते है। उन्होंने इन राज्यों में सेवा के दौरान अपने संस्मरणों को भी साझा किया।

राज्यपाल ने कहा कि त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय का स्थापना दिवस 21 जनवरी, एक ऐसा दिन है जो कि भारत की सांस्कृतिक विविधता को संजोने में हमें हमारे अतीत की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारत के अनेक राज्यों का गठन और विभाजन भारत की सांस्कृतिक विविधता और विकास के प्रति गहरी आकांक्षा का परिचायक है।

राज्यपाल ने कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस मनाने से हमें विभिन्न राज्यों की संस्कृति को आदान–प्रदान करने का अवसर मिलता है। विविधता में एकता हमारे देश का महत्वपूर्ण पहलू है। देश की एकता और अखंडता के लिए इस प्रकार के आयोजन बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के आपसी एवं सांस्कृतिक मेल–मिलाप बहुत जरूरी है जहां इससे आपसी रिश्ते मजबूत होंगे वहीं दूसरी ओर आपसी समझ और विश्वास भी बढ़ेगा। यही हमारी देश की ताकत की नींव भी है।

इस कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, वित नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव सहित इन राज्यों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

............0............